हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

10 10 लाख रुपए से अधिक के संदिग्ध लेनदेन की जानकारी...



10 लोकनर्तकों ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश





## खबर संक्षेप

### पुलिस ट्रांजिस्ट, चित्रकोट हाईट्स निर्माण कार्य समय पर पूरा करें



**जगदलपुर।** हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर वृत्त के अपर आयुक्त एसके भगत ने हाल ही में कार्यभार ग्रहण करते ही कलेक्टर विजय दयारात के. से मिले, जहां उन्होंने विकास कार्यों पर चर्चा की। उसके बाद शहर के 36 क्वार्टर की जमीन पर हाऊसिंग बोर्ड की ओर से 36 करोड़ रुपए की लागत से चित्रकोट हाईट्स कालोनी बनाकर आवास का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा पुलिस ट्रांजिस्ट बिल्डिंग, पंडरीपानी कालोनी के कार्यों के गुणवत्ता की जांच की और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि वे समय पर निर्माण कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, इसलिए निर्माण कार्य ऐसे करें कि शिकायत न हो सके। इसके अलावा बीजापुर एवं दंतेवाड़ा जिले में बोर्ड के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान बोर्ड के कार्यपालन अभियंता सीके ठाकुर सहित एसडीओ, उपयंत्री एवं ठेकेदार शामिल रहे।

### आरोपी के कब्जे से अवैध शराब जब्त

**तोंगपाल।** अवैध रूप से विक्रय के लिए रखी गई अंग्रेजी शराब को आरोपी सहित पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक किरण चौव्हान ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार जिले के थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा के विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देशित किया है। गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल रजत नाग के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तोंगपाल निरीक्षक संतोष सिंह द्वारा टीम तैयार कर मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी लोकेन्द्र सिंह उर्फ लखन ठाकुर पिता स्व. शिवशंकर ठाकुर उम्र 45 वर्ष निवासी सगुनघाट पाईकपारा थाना तोंगपाल के कब्जे से अवैध रूप से विक्रय के लिए रखी गई अंग्रेजी शराब 16 नग गोवा का पौवा तथा 2 नग मेकडॉवल नंबर 1 की व्हीस्की कीमत लगभग 8000 हजार रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक दुलेश्वर मानिकपुरी, आरक्षक बसंत कुर्रे, प्रकाश साहा, महिला आरक्षक हिरावती बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आक्सीजन जोन में पर्यटक, शहरी व ग्रामीण नहीं, दिख रहे मवेशी

## 16 साल में आक्सीजन जोन का हाल बेहाल, सीसीएफ ने निरीक्षण कर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के टेकामेटा तिराहा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना से जिला पंचायत एवं वन मंडल की ओर से मानव निर्मित आक्सीजन जोन 16 साल पहले बनाया गया।

इसमें प्राण वायु दायक पौधों का रोपण 3 जुलाई 2007 को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने किया। उसके बाद जोन में एक करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से बस्तर जिला खनिज संस्थान न्यास के सौजन्य से सीसी सड़क 2000 मीटर, फेंसिंग 3000 मीटर, पगौड़ा 4 नग, मुख्य द्वार, तालाब निर्माण एवं चौकीदार घर एवं स्टोर बनना था।

इसके लिए वन विभाग ने टेंडर में कार्य प्रारंभ 3 अक्टूबर 2018 से कार्य पूर्ण तिथि 20 मार्च 2023 रही, जो आज तक पूर्ण नहीं हो सका। इसमें तालाब तो बना पर पानी नहीं है। वर्तमान में आक्सीजन जोन में पर्यटक, शहरी एवं ग्रामीण नहीं दिख रहे पर मवेशी चरते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिला खनिज संस्थान न्यास से फंड पूरा नहीं होने से ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर दिया। हाल ही में सीसीएफ आरसी दुग्गा ने आक्सीजन जोन का निरीक्षण किया और नाराजगी जताई।

### अस्तित्व खत्म होने की कगार पर

बताया जा रहा है कि आक्सीजन जोन में लाखों खर्च कर लगभग दो हजार पौधे लगाए गए थे। ऑक्सीजन जोन में पानी की कमी न हो इसके लिये यहां एक तालाब भी खुदवाया गया था, लेकिन तालाब में बूंदभर भी पानी नहीं है। बिना चौकीदार के यह स्थान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। आक्सीजन जोन में लोगों को प्राणवायु मिलना तो दूर जोन का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है।



### फंड के लिए भेजा प्रस्ताव

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि मुख्यालय को फंड के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। फंड की स्वीकृति मिलने पर कार्य पूरा किया जाएगा।

## आमसभा: बड़े धाराऊर में विष्णु ने महेश के लिए मांगा वोट

# कांग्रेस की नाव में छेद है और वह कभी भी डूब सकती है : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटा, जनता ने उन्हें उखाड़ फेंका : किरण

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के चित्रकोट विधानसभा के ग्राम बड़े धाराउर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस की नाव में छेद हो चुका है और वह कभी भी डूब सकती है। बस्तर लोकसभा में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, फिर भी अभी तक कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी तक घोषित नहीं किया है। छत्तीसगढ़ और बस्तर के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी है। छत्तीसगढ़ में इंजन पक्का कर लिया है, लेकिन अब दिल्ली का इंजन को अधिक मजबूत करना है और इसके लिए समय आ गया है। जनता जनार्दन भाजपा को अपना आशीर्वाद दे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए जनता से समर्थन मांगते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम कर रही है और पिछले 10 सालों में बहुत काम हुआ है। छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने केंद्र की योजनाओं को बंद किया था, जिसके कारण जनता को लाभ नहीं मिल पाया। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख आवास को स्वीकृति प्रदान की और अप्रैल महीने से आवास बनना शुरू हो जाएगा। भाजपा ने मोदी की गारंटी में जो वादा किया था, उनमें से अधिकतर वादों को पूरा किया गया है, इसमें मातृशक्तियों के लिये महतारी वंदन योजना आरंभ हो गयी है। किसानों को 2 साल का बकाया बोनस, धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रूपये मानक बोरा की दर से खरीदी की जाएगी। साथ ही 15 दिन तक खरीदी होगी और पूरे पत्ते की खरीदी की जाएगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार को आज सौ दिन पूरे हुये हैं। इन सौ दिन के कार्यकाल में मुख्यमंत्री साय की सरकार ने दिन रात काम करते हुये गरीब, किसान, महिलाओं व ▶▶ शेष पेज 10 पर



### कांग्रेस ने छग को पांच साल केवल लूटा

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि बीते पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने सिवाय छत्तीसगढ़ को लूटने के कुछ भी नहीं किया। जनता से सिर्फ झूठ बोला, एक भी वायदे को पूरा नहीं किया। जिसका परिणाम भी उनको भुगतना पड़ा। जनता जनार्दन ने कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेका। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार मोदी की गारंटी व जनता से किये सभी वायदों को तय समय पर पूरा कर रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासन में सुशासन लौट आया है। बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप को विजयी बनाने जनता से आह्वान किया।

# बस का इंतजार कर रहे ओडिशा के तस्कर से 2.53 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल
- एक आरोपी फरार, नगरनार पुलिस ने ओडिशा बार्डर में की कार्रवाई

लोकसभा चुनाव से पूर्व अवैध तस्करी को रोकने की जा रही कवायद के बीच नगरनार पुलिस ने ओडिशा बार्डर में जांच के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार कर लाखों रुपए के गांजा के अलावा मोबाइल व नकद बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी ट्राली व पिट्ठू बैग लेकर बस का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा।

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 25.385 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 53 हजार 850 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से मोबाइल व नकद 5 सौ रुपए भी जब्त किया गया है। आरोपी निरंजन नायक 31 साल निवासी इंदिरा मार्ग कॉलोनी नियर बीएसएनल ऑफिस पुरी थाना पुरी टाउन ओडिशा का रहने वाला है। एसपी शलभ सिन्हा द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान नगरनार थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान को सूचना मिली कि दो व्यक्ति अपने पास रखे दो ट्रॉली बैग व एक पिट्ठू बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर आरटीओ नाका धनपूंजी नेशनल हाईवे 63 के पास बस का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी निरंजन नायक को हिरासत में लिया गया। उसके पास रखे सामान की तलाशी लेने पर 25.385 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद ▶▶ शेष पेज 10 पर



# भाजपा प्रत्याशी कश्यप ने लिया पर्चा अब तक कोई नामांकन दाखिल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के नाम से नामांकन पत्र लिया गया है। भाजपा प्रत्याशी के साथ पांच नामांकन पत्र लिए जा चुके हैं। वहीं किसी ने भी बस्तर लोकसभा चुनाव के लिये नामांकन पर्चा जमा नहीं किया है। कलेक्टोरेट में भाजपा प्रत्याशी के अलावा फूलसिंह कचलाम नारायणपुर सीपीआई, सुंदर बघेल सुकमा निर्दलीय, आयतुराम मण्डावी जगदलपुर बीएसपी के नाम से नामांकन पत्र लिए गए। बुधवार को कंवल सिंह बघेल कोण्डागांव ने नामांकन पर्चा लिया था। अंतिम तिथि 27 मार्च है। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप का नामांकन पत्र लेने कलेक्टोरेट भाजपा नेता नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, विनोद पाण्डेय, सिकंदर ध्रुव पहुंचे थे।



- दो दिन में पांच नामांकन पत्र लिए गए

# बेमौसम बारिश से आम, इमली को नुकसान, मक्के को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- ओलावृष्टि नहीं होने से रबी फसल प्रभावित होने से बची

बस्तर अंचल में हुई बेमौसम बारिश से आम, इमली व अन्य प्रजाति के फसल नष्ट होने की खबर है, लेकिन कृषि विभाग को अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। कृषि विभाग किसानों की सुविधा के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किया है। अब तक टोल फ्री नम्बर से कोई शिकायत नहीं आई है। ऐसा विभाग ने दावा किया है। बहरहाल बस्तर अंचल में मंगलवार सुबह से बुधवार दोपहर 12 बजे तक बारिश हुई। बेमौसम बारिश से सबसे अधिक महुआ, आम व इमली की फसल को नुकसान पहुंचा है, जबकि कृषि उपज को बहुत ही कम नुकसान हुआ है, क्योंकि बस्तर में ओलावृष्टि नहीं हुई है। वहीं मक्के की फसल के लिए यह बारिश लाभदायक साबित हुई है। सब्जियों की फसल को कुछ हद तक नुकसान पहुंचा है। बस्तर में पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी पड़ रही थी कि अचानक मौसम बदला और दो दिनों तक रूक-रूककर बारिश हुई। इस बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लगातार खराब मौसम के कारण ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए किसान चिंतित थे, लेकिन बस्तर में सिर्फ बारिश ही हुई, इससे किसानों ने राहत की सांस ली। वहीं गुरुवार से मौसम खुल गया है और फिर से अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है।



### मौसम रहेगा शुष्क

दक्षिण से आने वाली हवाओं के प्रभाव कम होने के कारण अब 21 मार्च से मौसम शुष्क रहने और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि कुछ जगहों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दो दिन बस्तर में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा पर बारिश की संभावना फिलहाल नहीं है।

**एचपी चन्द्रा,** मौसम वैज्ञानिक, रायपुर

### निर्धारित समय पर मिलना चाहिए सूचना

बस्तर जिले में असामयिक वर्षा व ओलावृष्टि से अधिसूचित क्षेत्र में रबी फसलों को नुकसान होने की आशंका है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों का नुकसान होने की स्थिति में बीमित किसानों को इसकी सूचना संबंधित बीमा कम्पनी, कृषि व राजस्व विभाग अथवा बैंक को घटना के 72 घंटे के अन्दर सूचना दिया जाना अनिवार्य है। यदि किसी प्रभावित ग्राम इकाई में 25 प्रतिशत से ज्यादा हानि होती है, तो जिला स्तरीय संयुक्त समिति द्वारा नमूना जांच कर क्षतिपूर्ति का निर्धारण किया जाएगा। हालांकि जिले में अब तक कहीं से भी फसल नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

**राजीव श्रीवास्तव,** उप संचालक, कृषि

## भाजपा सरकार ने 100 दिन में पूरी की मोदी की गारंटी, छग में लौटा सुशासन

# जनता के आशीर्वाद से जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- कांग्रेस पहले अपने आप को बेगुनाह साबित करे

भाजपा सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर वनमंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार को पत्रवार्ता में धर्मा, टारगेट किलिंग, नक्सलियों से वार्ता और महादेव सट्टा कांड पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा विष्णुदेव साय सरकार ने मात्र 100 दिनों के कार्यकाल में सफलता और विश्वास के इतने कीर्तिमान रचे हैं जितना 5 वर्ष में कांग्रेस की सरकार नहीं कर पायी। छत्तीसगढ़ में सुशासन लौट आया है। यूं तो किसी भी सरकार के मूल्यांकन के लिए 100 दिन का समय काफी नहीं होता लेकिन प्रदेश सरकार के यह सौ दिन छत्तीसगढ़ में विश्वास और सुशासन के रहे हैं। कांग्रेस ने अपने कृत्यों से, जनता के साथ किए वादाखिलाफी से भरोसे का जो संकट पैदा किया था, सरकार ने उस संकट को दूर किया है। जनता में फिर से सरकार के प्रति भरोसा बहाल हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटियां दी थी, केवल बारह हफ्ते के रिकॉर्ड समय में उनमें से अधिकांश बड़ी गारंटियां पूरी कर ली गयी हैं। हमारी सरकार ने गरीब, किसान, महिलाओं व युवाओं के हित में बड़े फैसले लिये हैं और अल्प समय में जनता से किये वादों को पूरा कर प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। धमांतरण को लेकर सरकार द्वारा कानून बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा शीघ्र इस पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में निर्णय लिया जाएगा। नक्सलियों के टारगेट किलिंग और सरकार की वार्ता को लेकर भी उन्होंने शीघ्र सार्थक पहल करने की बात कही। महादेव सट्टा कांड में कांग्रेसियों द्वारा आरोपियों के साथ भाजपाइयों के साथ तालमेल के आरोप पर कहा कि कांग्रेस के ▶▶ शेष पेज 10 पर



### मातृ शक्ति के आर्थिक स्वावलंबन पर कार्य

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिये महतारी वंदन योजना में प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में 655 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ने सीधे ट्रांसफर किये। हर वर्ष प्रदेश की महिलाओं को 12 हजार रुपये दिये जायेंगे। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार हमने किसानों के समर्थन मूल्य पर खरीदे गये धान में 19,257 रुपये प्रति एकड़ सहायता राशि देने की शुरुआत कर दी है। सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वायदा निभाते हुये 24 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान कर दिया है। इसी तरह मोदी की गारंटी को पूरा करते हुये तेन्दूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा दिये जाने की शुरुआत मुख्यमंत्री ने कर दी है। इसके अतिरिक्त तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिये चरण पादुका योजना फिर से आरंभ की जायेगी।

### पहली कैबिनेट में ही 18 लाख आवास का निर्णय

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट में ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने आधिकारिक निवास में वायदे के अनुरूप बाद में गये, पहले उन्होंने वायदों को वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3,799 करोड़ रुपये और वर्ष 2024-25 के बजट में 8,369 करोड़ रुपये, इस प्रकार कुल 12,168 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिये निःशुल्क रेत उपलब्ध कराने निर्णय लिया गया। किसानों की चिंता करते हुये सरकार ने दो वर्षों के धान का बोनस 25 दिसम्बर को 3716 करोड़ रुपए किसानों को अविलंब दिया है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### ढाबे से 3.930 लीटर अवैध शराब जब्त



**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के रोकथाम के क्रम में कार्रवाई की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब निर्माण, विक्री, संग्रहण, परिवहन के विरूद्ध अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 19 मार्च को बहीगांव के दिलदार ढाबा में कार्रवाई के दौरान 3.930 बल्क लीटर विदेशी शराब को आरोपी हेमराज कचलाम पिता मगंउराम कचलाम के पास प्राप्त होने पर जब्त करते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (ख) एवं 34 (2) के तहत प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया है। जब्त अवैध शराब का कुल बाजार मूल्य 2300 रुपए आंका गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोरजध्वज साहू, सुरेश कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक शांतिदेवी साहू, आबकारी आरक्षक धनीराम कुलदीप, कैलाश प्रसाद पाण्डे, नंदकिशोर बघेल एवं वाहन चालक गजेन्द्र कोर्राम उपस्थित रहे।

दूरभाष नम्बर हुआ जारी – आबकारी विभाग कोण्डागांव द्वारा अवैध शराब संबंधी शिकायत की सूचना प्रदान करने हेतु दूरभाष नंबर– 077862–42481 जारी किया गया है। उक्त नंबर पर 24 घण्टे अवैध शराब संबंधी सूचना दी जा सकती है।

### मतदाता जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने आज गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर से मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ बस्तर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत कोंडागांव विधानसभा के कोंडागांव और माकड़ी विकासखण्ड और कांकेर लोकसभा क्षेत्रतंर्गत केशकाल विधानसभा के फरसगांव, केशकाल और बड़े राजपुर विकासखण्डों में जाकर मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक करेगी। साथ ही बस्तर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 19 अप्रैल और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। मतदाता जागरुकता रथ को रवाना करते समय संयुक्त कलेक्टर एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अजय उरांव सहित कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 10 लाख रुपए से अधिक के संदिग्ध लेनदेन की जानकारी देंगे बैंकर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

## कलेक्टर ने बैंक शाखा प्रबंधकों से की चर्चा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने दस लाख रुपए से अधिक के संदिग्ध लेनदेन की जानकारी नियमित रुप से प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए सभी संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखी जा रही है, जिससे कोई भी प्रत्याशी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धनबल का उपयोग न कर सके।

### एक साथ कई खातों में राशि जमा करने पर भी रहेगी नजर

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति विभिन्न खातों में एक साथ राशि जमा करता है, तो उसकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा राशि के परिवहन के लिए निर्धारित वाहन का उपयोग करने करें। साथ ही परिवहन के लिए अधिकृत व्यक्ति को प्राधिकार पत्र जारी करने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय को भी सूचित किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, आयकर अधिकारी राजेश सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक कृष्णा सिंकु सहित बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे।

## आयोजन: पेट्रोल पम्प संचालकों की कलेक्टर ने ली बैठक

# निर्वाचन के दौरान किसी भी उपभोक्ता को निःशुल्क पेट्रोल- डीजल नहीं दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- चुनावों के लिए सुरक्षित स्टॉक रखने के संचालकों को दिए निर्देश
- जिले में दो तिथियों 19 व 26 अप्रैल को होगा मतदान

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला निर्वाचन की अध्यक्षता में बुधवार को सभी ऑइल कम्पनी के अनुज्ञप्तिधारक डीजल–पेट्रोल विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल नियमानुसार स्टॉक सुरक्षित रखने को दिए गए हैं। आदेश का अनुपालन करने के निर्देश बैठक में दिए गए।



### पेट्रोल पम्प के होर्डिंग्स का उपयोग मतदाता जागरुकता के लिए

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि इसके साथ ही पेट्रोल पंपों में स्थापित होर्डिंग्स का उपयोग मतदाता जागरुकता अभियान में किया जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही पेट्रोल पंपों में निर्वाचन के दौरान किसी भी उपभोक्ता को निःशुल्क ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए। प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को आवागमन की सुविधा प्रदान करना अवैधानिक है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सभी पेट्रोल पंप संचालकों का सहयोग आवश्यक है।

### जिले में दो तिथियों 19 व 26 अप्रेल को होगा मतदान

कलेक्टर ने कहा कि जिले में दो तिथियों में मतदान है, जिनमें बस्तर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत कोंडागांव और नारायणपुर विधानसभा के मतदान केन्द्रों में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा, वहीं कांकेर लोकसभा क्षेत्रंतर्गत केशकाल विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इससे पेट्रोल पंपों में भीड़ की स्थिति कम बनेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, प्रभारी खाद्य अधिकारी नवीन चन्द्र श्रीवास्तव, समस्त ऑइल कम्पनी के पम्प संचालक एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

# कल जहां गिरी बर्फ, वहां आज दिनभर चमका सूरज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- मौसम में हो रहे परिवर्तन से लोग हैरान

बस्तर कोण्डागांव में मौसम के अचानक परिवर्तन से क्षेत्रवासी हैरान है। कल बुधवार को जहां पूरे दिन मौसम सर्द और वारिस व ठंडी हवाओं से भरा रहा और देर सांय जम कर ओले गिरे। ओले इतनी अधिक मात्र में गिरे के कई घरो के आंगन व सडकों पर सफेद चादर सी बिछी नजर आयी।

कई लोगों ने अपने आंगन गिरी वर्फ को वाल्टियों व घमेलों में भर लिया। इतने ठंडे मौसम के बाद बीती चांदनी चमकती रही और सुबह से ही धूप ने डेरा डाला जो देर सांय तक बरकरार रही। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। पर एक ओले गिरना और दूसरे दिन भी गर्म दोपहर को जानकार लोग जलवायु परिवर्तन के बडे. खतरे के रूप में देखते है। बहरहाल आज का दिन साफ सुथरा रहा। पर आने वाले 'शुक्रवार को एक बार फिर से मौसम में बदलाव के संकेत मौसम विभाग ने दिए हैं, जिससे लोग काफी बैचेनी महसूस कर रहे है। बता दें इन दिनों कोण्डागांव की वार्षिक मण्डई भी चल रही है जो कि मौसम की मार से अभी तक अपने असली रूप में नहीं आ सकी है। मौसम साफ होने से दूरदराज से व्यापार करने आए व्यापारी व मेले के शौकीनों की आस पूरी हो सके।

# उद्यान विभाग के दैवेभो कर्मियों को 6 माह से नहीं मिला मानदेय



### 18 लाख से अधिक राशि का है बकाया

उद्यान सहायक संचालक ने स्वीकार किया है कि अक्टूबर नवम्बर माह 2023 से इनको मानदेय नहीं मिल सका है, क्योकि आवंटन की राशि पर्याप्त नहीं आ रही है। जिससे यह समस्या खडी हुई है। वर्षों से विभाग का कार्य कर रहे इन लोगों के लिए तत्काल राशि मिलना जरूरी है। हम इसकी जानकारी उच्चस्तर पर लगातार देते रहे हैं।

- कर्मचारी व परिवार का मेला, होली सूना- सूना जाने की आशंका

**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** उद्यान विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 6 माह से मानदेय न मिलने से उनमें आक्रोश है। लगातार विभागीय उपेक्षा का दंश झेलने के बाद भी शासकीय कार्य तत्परता से कर रहे हैं, ।बदले में सिर्फ इतना चाहते है कि उन्हें उनका मानदेय मिल जाये जिससे भी अन्य लोगों की तरह कोण्डागांव मेला व होली का त्यौहार अपने परिवार के साथ हंसी खुशी से मना सकें ।

कोण्डागांव उद्धान विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को 6 माह मानदेय नही मिला है । जिसके कारण कोण्डागांव के पारंपरिक मेला और होली का त्योहार पर इन कर्मचारियों के खुशी पर पानी फिरते नजर आ रही है । कर्मचारियों के चेहरे पर विभाग से नाराजगी स्पष्ट झलक रही है । दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ ने भी मानदेय भुगतान करने का निवेदन इनके नियोक्ता से किया है । कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों के द्वारा जल्द भुगतान होने का आश्वासन दिया गया है । उद्यान विभाग के सहायक संचालक से बात करने से उनके द्वारा कहा गया कि उच्च अधिकारियों को लिखित में जल्द से जल्द आवंटन करने की मांग की है।






# लोकनर्तकों ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान सभी मतदाता अपने–अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करें। इसके लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्थानीय एनसीसी मैदान में स्वीप लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 22 लोक नर्तक दलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसका आनंद बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। कोंडागांव में आयोजित फागुन मंडई में पहुंचे दूर–दराज के ग्रामीणों ने भी लिया। मनमोहक प्रस्तुति के लिए लोकनर्तक दलों को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें पहला पुरस्कार फरसगांव के कोटपााड़, द्वितीय पुरस्कार कोंडागांव विकासखण्ड के नुंगाली और तृतीय पुरस्कार कोंडागांव विकासखण्ड के रेंगागोंदी की लोक नर्तक कलादलों को प्रदान किया गया।

# गंगाजल लेकर सौगंध उठाना और पूर्ण नहीं करना अक्षम्य अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गंगा हमारी सबसे बड़ी आस्था है और गंगाजल लेकर जो लोग सौगंध उठाते हैं किंतु उसे पूरा नहीं करते वह अक्षम अपराध करते हैं। ऐसे लोगों को समाज तिरस्कृत भाव से देखता है। अच्छा कार्य करें इस जीवन में हर दिन को अंतिम दिन मानकर सत्कर्म करते रहना चाहिए। कल पर भरोसा मत करो, न जाने कल तुम्हारे लिए क्या लेकर आएगा।

यह बातें श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन गुरुवार को महामाया धाम पाटन से पहुंचे आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने कही है। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन राधारानी, तुलसी माता की महिमा तथा शंखचूर्ण दैत्य की कथा का श्रवण भक्तों ने किया। आचार्य ने कहा कि आपका घर मंदिर की तरह है। रसोई घर में मां अन्नपूर्णा का वास होता है। यहां चप्पल पहन कर प्रवेश न करें।

इसे पवित्र बनाए रखने का हर सम्भव प्रयास करें। राधारानी की कथा चुनाते हुए उन्होंने बताया कि गो लोक में राधारानी भगवान को बहुत प्रेम करती थीं, अगर कोई भगवान को निहारता तो किसी को भी श्राप दे देती थीं। एक बार सुदामा नामक गोपी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो राधारानी क्रोधित हो गईं और सुदामा को ही राक्षस होने का श्राप दे दिया।

इस बात से नाराज सुदामा ने भी राधारानी को श्राप दिया कि जिस भगवान के कारण आप बात-बात में लोगों को श्राप देती हैं उससे 100 साल तक दूर रहकर वियोग सहोगी। इस श्राप के चलते ही वह धरती में वृषभान के घर जन्मी और श्रीकृष्ण वियोग सहती रही। आचार्य ने श्रोताओं को अपने व्यवहारिक जिंदगी में एकादशी व्रत रखने, नित्य गंगाजल पीने, तुलसी दल ग्रहण करने, गीता का नित्य पाठ करने तथा कम से कम 6 मिनट ईश्वर की स्तुति करने की अपील करते हुए समझाया कि जब कल का भरोसा नहीं है तो आज ही परलोक क्यों नहीं सुधार लेते।

**कालरात्रि ने किया नगर भ्रमण–** भागवत महापुराण के सातवें दिन की कथा के तुरंत बाद मां कालरात्रि की पालकी निकाली गई। गुरूवार को मां कालरात्रि की पालकी निकालने का सौभाग्य 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज को प्राप्त हुआ। यह डोली नियमानुसार सिरहासार चौक, गोल बाजार, मिताली चौक, पैलेस रोड होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर लौटी, तत्पश्चात महाआरती की गई।

**आज के अनुष्ठान–** श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन शुक्रवार को मनसा देवी की कथा, रुद्राक्ष उत्पत्ति और महिमा तथा मां गायत्री महिमा का वर्णन आएगा। इसके साथ ही मां महागौरी की अष्टम पालकी नगर में निकाली जाएगी।

## बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिलेगी घर से ही मतदान करने की सुविधा

# मतदान कर्मियों के साथ ही अत्यावश्यक सेवा प्रदाता भी करेंगे डाक मतपत्र का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कलेक्टर ने डाक मतपत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र लेने के दिए निर्देश

लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान अधिकारियों के साथ ही अत्यावश्यक सेवा प्रदान करने वाले अन्य अधिकारी–कर्मचारियों को भी डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में इसकी तैयारियों के लिए



बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदान कार्य में लगे अधिकारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान विद्युतकर्मी, पुलिस कर्मी, निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनों के वाहन चालक इत्यादि भी मतदान से वंचित न रहें। इसके लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए सुविधा केन्द्र बनाए जाएंगे, जहां मतदान किया जा सकेगा। उन्होंने डाक मतपत्र से मतदान के इच्छुक इन श्रेणियों के मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी अश्वन पुसाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग मतदाता घर से कर सकेंगे मतदान

कलेक्टर ने कहा कि इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके लिए भी इच्छुक मतदाताओं का आवेदन आवश्यक है। उन्होंने चिन्हित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से आवेदन एकत्रित करने की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेज 9 के शेष

### कांग्रेस की नाव...

युवाओं के हित में बड़े फैसले लिये हैं। गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का काम तेजी से जारी है। प्रदेश की सत्तर लाख विवाहित महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किये गये हैं। मातृशक्तियों को प्रतिमाह एक हजार रूपये निरंतर मिलेंगे। भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगी, इस वाक्य को साकार करते हुये भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के विकास व जनता की सेवा, उनके हितों के लिये मेहनत से बिना रूके कार्य कर रही है। बस्तर लोकसभा में भाजपा ने महेश कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। बस्तर की जनता अपना आशीर्वाद देकर उन्हें विजयी बनायें। लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने भी सभा को संबोधित कर समर्थन मांगा। सभा को जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने भी संबोधित किया। संचालन रामाश्रय सिंह ने किया। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, महेश गागड़ा, महेश जैन, श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद्र भंजदेव, विद्याशरण तिवारी, संजय पाण्डेय, वेदप्रकाश पाण्डेय उपस्थित थे।

### बस का इंतजार...

हुआ। वहीं मामले में शामिल एक अन्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मामले मेंआरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल–** कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई सुदर्शन दुबे, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, श्याम चंद्राकर, आरक्षक तीरथ राम फेकर व आरक्षक वेद प्रकाश देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जनता के आशीर्वाद से...

लोग पहले अपने आप को बेगुनाह साबित कर ले, उसके बाद बयानबाजी करें। इस दौरान लोकसभा प्रभारी महेश जैन, श्रीनिवास राव मद्दी, जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप, विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, संजय पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, श्रीनिवास रथ, प्रकाश रावल, दिनेश केजी, पंकज आचार्य, तेजपाल शर्मा, शशिनाथ पाठक, अतुल सिम्हा, गणेश काले मौजूद थे।

**शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता** – वनमंत्री ने कहा कि शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पहल करते हुये हमने यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। सीजी पीएससी परीक्षा 2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच के लिये सीबीआई को प्रकरण प्रेषित कर दिया गया है। मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश में रामलला दर्शन योजना आरंभ हो चुकी है। ऐसे ही प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में निर्णय लेते हुये शासकीय नौकरियों में छत्तीसगढ़ के स्थानीय नागरिकों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिये और बढ़ा दिया है।

**बस्तर दशहरा और चित्रकोट महोत्सव फंड में वृद्धि–** राज्य के पांच शक्तिपीठों के विस्तृत विकास योजना के लिये पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना में प्रदेश में 1000 किमी लंबी पर्यटन तीर्थ श्रृंखला विकसित किया जाएगा। साथ ही ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के लिये अब 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख दिए जाएंगे। चित्रकोट महोत्सव के लिए भी 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख दिए जाएगे। रामाराम मेले के लिये भी अब 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। मोदी की गारंटी पर आधारित वादों को सौ दिन के कार्यकाल में पूरा करने के हिसाब किताब के साथ हमारी सरकार जनता की अदालत में उपस्थित हैं। भाजपा को छत्तीसगढ़ की जनता अपना आशीर्वाद अवश्य देगी और प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में भाजपा को विजयी बनाएगी।

## खबर संक्षेप

### होली पर 25 को शुष्क दिवस

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी विदेशी मदिरा की फुटकर विक्रय अनुज्ञापन एवं व्यवस्थापन नियम 2018 के तहत होली के अवसर पर 25 मार्च को सम्पूर्ण जिले में मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत 25 मार्च को जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2 (घ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 (घ) तथा एफएल 7 (घ) सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बन्द रहेगी। उक्त निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

### 28 तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी आदेश अनुसार दन्तेवाड़ा फागुन मड़ई प्रारंभ होने के फलस्वरूप 16 से 28 मार्च तक दन्तेवाड़ा नगर में लोगों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए नगर में रात-दिन भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि में भारी वाहनों की आवा-जाही पातररास बाईपास होते हुए चितालंका चौक रहेगा।

### अवकाश के दिनों में कार्यालय खुला रखने के निर्देश

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य संपादन के लिए जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख को अपने कार्यालय में अवकाश के दिनों में एक लिपिक एवं एक भृत्य की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन शाखा बीजापुर से अवकाश के दिनों में पत्र, आदेश, निर्देश जारी हो रहे हैं। इन आदेशों व डाक को प्राप्त करने के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक कार्यालय में एक लिपिक एवं एक भृत्य की ड्यूटी लगाने कहा गया है। कलेक्टर ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

### आचार संहिता समाप्त होने उपरांत प्राप्त कर सकेंगे अस्त्र-शस्त्र

**बीजापुर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने की घोषणा कर दी गई है। इस जिले के समस्त थाना, चौकी, सहायता केन्द्र अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति जो शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी है तथा जिनकी गतिविधियां ऐसी हो, जो निर्वाचन के दौरान गड़बड़ी एवं लोक परिशांति बनाये रखने में विघ्न पैदा कर सकते हैं, के शस्त्र लायसेंस निलंबन करने के लिए सूची जिला कार्यालय बीजापुर के लायसेंस शाखा को 21 मार्च तक भिजवाने को कहा गया है, ताकि उनकी शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित की जा कर, उनके शस्त्र को थाना, जिला नाजरात में जमा कराया

## कलेक्टर एवं एसपी ने कुटरू, बेदरे एवं फरसेगढ़ का किया निरीक्षण

# बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव ने बुधवार को बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के अतिसंवेदनशील एवं सुदूर क्षेत्र कुटरू, बेदरे एवं फरसेगढ़ का भ्रमण कर विभिन्न मतदान केन्द्रों

■ मतदान केन्द्रों सहित स्कूल-आश्रमों का किया अवलोकन

का औचक निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला एवं बालक आश्रम बेदरे, कन्या आश्रम फरसेगढ़, आदर्श आश्रम मुकावेली का निरीक्षण कर स्कूल-आश्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों से पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता में सुधार लाने, मीनू के आधार पर खाद्य सामग्रियों का उपयोग करने के निर्देश दिए। वहीं बिजली, पानी, शौचालय सहित विद्यार्थियों को मिलने वाली अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संस्था में अध्ययनरत छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मच्छरदानी का उपयोग नियमित करने की समझाईश दी। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा फरसेगढ़ स्थित स्ट्रांगरूम का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

भ्रमण के दौरान बेदरे में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल का अवलोकन किया, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि इन्द्रावती नदी में निर्माणाधीन उक्त पुल के निर्माण से बीजापुर का सम्पर्क सीधे महाराष्ट्र से जुड़ जाएगा एवं नारायणपुर जिले तथा महाराष्ट्र की ओर आवागमन की सुविधाएं बढ़ जाएगी। इन्द्रावती नदी उस पार बीजापुर जिले के करीब 10 गांव स्थित है। जहां के ग्रामीण नदी पार करके दैनिक उपयोगी वस्तुएं एवं अन्य कारणों से आते हैं, उन ग्रामीणों को पुल बनने के बाद सुविधा उपलब्ध होगी।

कलेक्टर ने इस दौरान कुटरू स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों से आवश्यक चर्चा की। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा अस्पताल में मिलने वाले अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास केएस मशराम सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## कमिश्नर ने मतदान केन्द्र एवं ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया को सुनिश्चित

■ शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने मार्गदर्शन दिए

करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। इस दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 108 प्राथमिक शाला धनोरा का औचक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित बीएलओ, पटवारी एवं सचिव से आवश्यक जानकारी ली। जिसमें विगत विधानसभा में 61.9 प्रतिशत मतदान होने की बात बीएलओ द्वारा बताई गई। कमिश्नर धावड़े ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियाान चलाने के निर्देश दिए। वहीं मतदाता सूची में नए नाम 59 जोड़े जाने एवं 14 नाम विलोपन की जानकारी बीएलओ द्वारा दी गई है।

कमिश्नर ने जिला कार्यालय स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने वेयर हाउस में रखे ईव्हीएम मशीनों, सीसी टीव्ही से निगरानी एवं सुरक्षा संबंधी विस्तृत जानकारियों से कमिश्नर को अवगत कराया।

इस दौरान सीईओ जिपं हेमंत नरेश नंदनवार, एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सोलर स्ट्रीट लाइट बंद मरम्मत के लिए राशि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



नेगानार ग्राम पंचायत के हाइवे में सोलर स्ट्रीट लाईट कई महीनों से बंद पड़ा है। स्ट्रीट लाईट के बंद होने से इस गांव में कई बार दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें एक स्कूली छात्र की मौत भी

■ सोलर लाइट बंद होने से चोरी की घटनाएं बढ़ी

हो चुकी है, और तो और कई लोग घायल भी हो चुके है। रात्रि कालीन सोलर स्ट्रीट लाईट के नहीं जलने से मुख्य मार्ग पर कई घरों में चोरों ने अपना हांथ भी साफ किया है। हरिभूमि अखबार में कई बार खबर प्रकाशित होने पर भी क्रेडा विभाग की अधिकारी सविता कश्यप के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल को भी स्थिति से अवगत करवाया, लेकिन आज पर्यन्त तक भी किसी प्रकार की सोलर स्ट्रीट लाईट को सुधारने का कार्य नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि इस समस्या के संबंध में कई बार बस्तर कलेक्टर को भी अवगत करवाया गया है, प्रशासन द्वारा भी नजर अंदाज किया जा रहा है।

### राशि नहीं

इस विषय पर जब कनिष्ट अभियंता सविता कश्यप से दूरभाष पर सम्पर्क किया तो, उन्होंने कहा हमारे पास किसी भी प्रकार की मरम्मत के लिए राशि नहीं है, जिसके चलते सोलर स्ट्रीट लाईट को चालू करने में असमर्थ है।

## प्राथमिक शाला बड़ेपारा में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर जिले के विकास खंड बस्तर के प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा में आज न्योता भोज का आयोजन संस्था के द्वारा किया गया। जिसमें खाने में पोषक तत्वों का ध्यान रखते हुए केला, अंगूर, खीर पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल, सलाद की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, स्थानीय समुदाय के मध्य तालमेल स्थापित करना है। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालक गण भी सम्मिलित हुए।

मुख्य रूप से कार्यक्रम में संस्था की प्रधान अध्यापिका चंद्रमणी रंगारी, संकुल समन्वयक संजीव शर्मा, शिक्षक उमाशंकर साहू, दानेश्वर यादव, गीता गुना, कानू राम एसएमसी अध्यक्ष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सोनमती कश्यप, सनत नाईक, सुमति कश्यप, सन्मति कश्यप, सोमारी कश्यप व सभी बच्चें सम्मिलित हुए।

## आदिम आखेट लमहा मार नृत्य...



**दंतेवाड़ा।** दक्षिण बस्तर की प्रसिद्ध फागुन मंडई के पांचवें दिन बुधवार को पंचम पालकी माई जी की मंदिर से नारायण मंदिर पहुंचकर परंपरानुसार विधिवत पूजा-अर्चना एवं अन्य रस्म अदायगी के पश्चात देर शाम वापस मंदिर पहुंची, तत्पश्चात आदिम आखेट नृत्यों की परम्परा में लमहा मार नृत्य आयोजित किया गया। जिसमें खरगोशों के आखेट की आदिम परम्परानुसार नृत्य गान का प्रदर्शन किया गया।

## निधन

### शांति सलाम



**जगदलपुर।** पूर्व कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अविभाजित बस्तर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शांति सलाम का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे मिलनसार, हंसमुख और गरीबों निसहायों की हमेशा आवाज बनी रही उनके निधन से आदिवासी समाज को क्षति पहुंची है। वह भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

## अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने की हर्बल गुलाल की खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

रंगों के पर्व होली त्यौहार को लेकर क्षेत्र में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। होली पर्व पर हर कोई रंग गुलाल में रंगा नजर आता है। वहीं बाजार में मिलने वाली केमिकल युक्त रंग गुलाल लगाने से त्वचा में एलर्जी हो जाती है। जिसके चलते लोग डर-डर के रंग खेलते हैं। लेकिन अब डरने की जरूरत नहीं। बस्तर ब्लॉक के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की मां भवानी स्व सहायता समूह ग्राम मधोता-2 की महिलाओं के द्वारा हर्बल गुलाल निर्मित कर जनपद कार्यालय बस्तर में स्टाल लगाकर बिक्री किया जा रहा है। समूह की महिलाओं ने जानकारी में बताया कि मक्के के आटा में चुकंदर, गाजर, हल्दी, गेंदा फूल, पालक, सेमी, पलाश के फूल से रंग बनायें जा रहे हैं। यहां महिलाएं रंग-बिरंगे खुशबूदार पीला, लाल, गुलाबी, हरा, संतरा रंग का हर्बल गुलाल बनाने में प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर रही है। गुरुवार को जनपद कार्यालय में लगी स्टाल में जिला पंचायत सदस्य गणेश बघेल, जनपद सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र, बीपीएम अमित कुजूर सहित सरपंच, सचिव और ग्रामीणों ने जमकर हर्बल गुलाल की खरीदारी की।

# आनंद मेला में 18 सामाजिक संस्थाओं ने लगाया विविध व्यंजनों का स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के तत्वावधान में अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन में किरंदुल की समस्त मातृशक्तियों के सशक्तिकरण एवं उत्साहवर्धन के

■ इंटक ने महिला सशक्तिकरण दिवस पर किये विविध कार्यक्रम

लिए बुधवार को फुटबाल ग्राउंड में यूनियन एवं नगरपरिवार की मातृशक्तियों की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन करते हुए आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक दिन पूर्व आयोजित रस्सा खींच प्रतियोगिता, खो-खो, म्यूजिकल चेयर, स्लो सायकल रेस एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाइक, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मृणालिनी नाईक के हांथों से पुरस्कृत किया गया।

आनंद मेले में 18 सामाजिक संस्थाओं ने अपने खाने-पीने का स्टाल लगवाया था। जिसमें अलग-अलग समाज के द्वारा अलग-अलग व्यंजन बनाकर स्टाल में रखा गया था। इस कार्यक्रम से समाज में अनेकता में एकता के उद्देश्य को बनाकर रखना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, महाप्रबंधक विद्युत एन सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक माइंस एसके कोचर, महाप्रबंधक एम एंड एस पी प्रसाद, उप महाप्रबंधक कार्मिक बीके माधव, उप महाप्रबंधक सिविल टीएस रामनाथन, आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश, एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू, किरंदुल थाना प्रभारी पीके साहू, आजाद सक्सेना, राजेंद्र, विप्लव मल्लिक ,बैरागी, राजेंद्र सक्सेना के हांथों भारत माता एवं छत्तीसगढ़ी महतारी के तैल चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। एमएमडब्ल्यू यूनियन की सदस्य छाया वेलडन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। मां गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति चोलनार द्वारा नशा मुक्ति पर लघु नाट्य एवं सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी गई। लक्ष्मीता यादव एवं समूह द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मृणालिनी पदमनाभ नाईक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त मातृशक्तियों का उत्साहवर्धन किया गया। लौह नगरी किरंदुल के समस्त समाज के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा आनन्द मेला में विविध प्रांतों के प्रसिद्ध एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था, जिसका नगरपरिवार द्वारा भरपूर लुत्फ उठाया गया। सर्व समाज द्वारा मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन द्वारा नारी सशक्तिकरण के इस अभिनव पहल की सराहना की गई। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षिका अनुपमा भद्र ने किया।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में पुष्पलता साहू, सविता कर्मा, जी मरियम्मा, गीता पांडे, भुवनेश्वरी, मोनिला ठाकुर, दीपिका, केसर कोर्राम सहित समस्त मातृशक्तियों, यूनियन के कार्यालय सचिव राजेंद्र यादव, त्रिलोक बांधे, दुर्गा प्रसाद, सौरभ पात्रे, दिनेश साहू, अनिल साहू, योगेश्वर, पलख राम, खेल सलाहकर समिति के सुनील कुमार, बृजेश यादव, इम्तियाज, अभिषेक स्वर्ण, नागनाथ, यूनियन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## एकलव्य विद्यालय के कक्षा 12वीं की छात्राओं को दी विदाई

# छात्राओं ने बांटे अपने विद्यालय जीवन का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण जावंगा में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आज विदाई दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी विकास विभाग दंतेवाड़ा के उपायुक्त डॉ आनंदजी सिंह मौजूद रहे। मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर बच्चों ने गीत व अन्य कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त डॉ आनंदजी सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़े और अपने परिवार, समाज व विद्यालय का नाम रोशन करें। आप सभी अच्छे से मेहनत कीजिए और साल भर की मेहनत के रूप में मुझे शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दीजिए। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य वृषभान खांडेकर, दंतेवाड़ा विद्यालय के प्राचार्य बीपी मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक टीएल साहू, डीआर रावटे, आलोक सोनवाने, प्रवीण चंद्राकर, भूमिका कश्यप, बसंत यादव, एसके कंवर, डीआर रात्रे, सीमा सलाम, बरखा नाग, रत्नी कुंजाम, साधना भारद्वाज व अन्य शिक्षक, पालक व बच्चे उपस्थित रहे।

### भावुक हुईं छात्राएं

कक्षा बारहवीं में अध्ययन छात्राओं को कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने विदाई दी। विदाई का यह पल बहुत भावुक रहा। कक्षा बारहवीं की छात्राएं अपने विचार व्यक्त करते हुए भावुक हो गई। वहीं विद्यालय जीवन का अपना अनुभव विद्यालय की अन्य छात्राओं से बांटा। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को स्मृति चिन्ह दिया गया। छात्राओं ने विद्यालय में मिले संस्कार और अनुशासन को जीवन भर आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## आदिवासी छात्र संगठन कर रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



आदिवासी युवा छात्र संगठन हमेशा से ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में

■ एकलव्य प्रवेश परीक्षा से कोई भी विद्यार्थी वंचित ना हो

भी योगदान देते आया है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की एक योजना है। इन स्कूलों में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को कक्षा 6 से 12 तक मुफ्त शिक्षा दी जाती है। इन स्कूलों की शुरूआत 1997-98 में हुई थी। ये स्कूल न सिर्फ़ बच्चों के शैक्षणिक विकास पर ध्यान देते हैं, बल्कि उनके संपूर्ण विकास पर भी जोर देते हैं। इन स्कूलों में प्रवेश के लिए एक चयन परीक्षा होती है। छत्तीसगढ़ में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2024-25 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 18 अप्रैल है। इसी तरह आदिवासी युवा छात्र संगठन बस्तर इकाई के द्वारा हाल ही में शुरू हुए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन पंजीयन के लिए निःशुल्क सेवा दिया जा रहा है। ताकि कोई बच्चा जानकारी के अभाव में एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा दिलाने से वंचित ना हो सके।

**शपथ-पत्र**

मैं विजय गुप्ता (VIJAY GUPTA) पिता जगदीश प्रसाद (JAGDISH PRSAD) निवासी ग्राम सुरडोंगर पोष्ट केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ का हूं। शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता हूंः-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण आधार नम्बर 9321 6815 0254 में नाम विजय गुप्ता (VIJAY GUPTA) पिता जगदीश प्रसाद (JAGDISH PRSAD) उल्लेखित है।
3. यह कि भारतीय निर्वाचन आयोग (परिचय पत्र) क्रमांक FTT4272027 मेरा नाम विजय कुमार गुप्ता (VIJAY KUMAR GUPTA) पिता जगदीश गुप्ता (JAGDISH GPUTA) त्रुटिवश उल्लेखित है।
4. यह कि मेरा नाम विजय गुप्ता (VIJAY GUPTA) पिता जगदीश प्रसाद (JAGDISH PRSAD) है जो सही व सत्य है।
5. यह कि भारतीय निर्वाचन आयोग (परिचय पत्र) क्रमांक FTT4272027 मेरा नाम विजय कुमार गुप्ता (VIJAY KUMAR GUPTA) पिता जगदीश गुप्ता (JAGDISH GPUTA) को संशोधन कर सही नाम विजय गुप्ता (VIJAY GUPTA) पिता जगदीश प्रसाद (JAGDISH PRSAD) निवासी ग्राम सुरडोंगर पोष्ट केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छत्तीसगढ़ के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

विजय गुप्ता
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं विजय गुप्ता (VIJAY GUPTA) पिता जगदीश प्रसाद (JAGDISH PRSAD) शपथकर्ता सत्य निष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की अंतर्वस्तु मेरे निजी ज्ञान से सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक 21/03/2024 को हस्ताक्षर कर स्थान केशकाल में सत्यापित कर दिया।

सत्यापनकर्ता
विजय गुप्ता

**न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202402160100001
/अ-21/2023-24
ग्राम- आवराभाटा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लक्ष्मीसिंह पति पी.एन.सिंह उम्र 60 वर्ष, मुख्त्यार ग्रहिता श्री पी. एन. सिंह पिता स्व. शंकर सिंह उम्र 64 वर्ष, जाति क्षत्रिय निवासी धरमपुरा जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. के द्वारा ग्राम आंवराभाटा, प.ह.न. 14 में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 58/4/ख/2 रकबा 0.0738 हे. में से रकबा 0.023 हे. को क्रेता श्रीमती जानकी साहू पति छत्र कुमार साहू उम्र 40 वर्ष जाति तेली निवासी आंवराभाटा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दन्तेवाड़ा

# हर बूथ में 370 वोट अधिक पाने के काम में जुटे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भैरमदेव वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के बूथ के अध्यक्ष, सचिव बीएलए-2 एवं पंच परमेश्वर सहित बूथ कमेटी की बैठक में प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक में लोकसभा में भाजपा को बूथ में विजयी बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। अभियान के तहत लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें मिलने वाले योजनाओं के लाभ के संबंध में चर्चा करने कार्यकर्ता से कहा गया। इस दौरान दिनेश पाणिग्राही ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है अब लोकसभा चुनाव में मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य लेकर बूथों में काम करने की आवश्यकता है। नरेंद्र पाणिग्राही ने कहा कि

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भैरमदेव वार्ड में हुई बैठक



बूथ कैसे मजबूत हो तथा हर बूथ में इस बार 370 वोटों के लीड का संकल्प लेकर कार्य करें। जिससे मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा कर सके। प्रधानमंत्री जैसा नेतृत्व हमारे साथ है, केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन को मिला है। शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता बस्तर लोकसभा में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलायेंगे, यह विश्वास सभी को है। संयोजक निर्मल पाणिग्राही एवं सह संयोजक त्रिवेणी रंधारी ने कहा कि भाजपा ने मोदी की गारन्टी को पूरा करने का कार्य किया है महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मोदी सरकार ने दिया है। संचालन बूथ अध्यक्ष आशा महापात्र ने किया। इस दौरान पूर्व पार्षद किरण यादव, कमला जंगम, यशोदा राव, ज्योति जंगम, लक्ष्मी यादव, तिलोत्तमा यादव, आदिलक्ष्मी सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक



**दरभा।** आगामी लोक सभा चुनाव एवं होली त्यौहार को देखते हुए बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशलूर विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दरभा केशरी लाल साहू एवं चौकी प्रभारी रामविलास नेगी कामानार के द्वारा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सरपंच, कोटवार, पटेल को थाना चौकी परिसर में बुलाकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु विस्तृत चर्चा कर आवश्यक समझाईश दी गई। इसके साथ ही क्षेत्र में होने वाले छोटी बड़ी घटनाओं के विषय तत्काल सूचित करने की बात कही गई। इस शांति समिति की बैठक में प्रभारियों के अलावा समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

### कुलपति ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। विश्वविद्यालय के कालीपुर स्थित परिसर के तीनों भवनों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस दौरान कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव और कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी ने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस बार विश्वविद्यालय ने 9 विषयों के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की।

### महुआ बीनने में अब नहीं लगेगा श्रम



**दंतेवाड़ा।** वर्तमान में पूरे बस्तर के वनांचल क्षेत्र महुए की मादक गंध से महक रहे है। सीजन में पूरा का पूरा परिवार ही महुआ वृक्ष के नीचे महुआ एकत्रित करने में जुटा रहता है, परन्तु अब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से महिला समूहों को महुआ नेट प्रदाय कर इस कार्य को सरल बनाया जा रहा है। इस क्रम में जिला दन्तेवाड़ा से 25 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम मैलावाड़ा में कुल 33 समूह में से 10 समूहों के 50 सदस्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जनपद पंचायत कुआकोंडा के तहत महुआ नेट दिया गया है।

### शासकीय व अशासकीय कैलेण्डर तत्काल हटाने के निर्देश

**बीजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुख को अपने कार्यालय एवं वेबसाईट से जनप्रतिनिधियों के फोटोग्राफ्स तथा जनप्रतिनिधियुक्त फोटो वाले शासकीय व अशासकीय कैलेण्डर तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।

## व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की ली बैठक

# अंतर्राज्यीय सीमा पर कड़ी चौकसी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोकसभा निर्वाचन के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान ने निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की बैठक लेकर सभी को आपसी समन्वय कर दायित्व निर्वहन किये जाने पर बल देते हुए कहा कि अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का समुचित संधारण हेतु टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने इस दिशा में संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न जिलों के दलों को बेहतर समन्वय स्थापित किये जाने कहा। व्यय प्रेक्षक प्रधान ने इलेक्शन एक्सपेंडीचर पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया और कहा कि एईओ का दायित्व सम्पूर्ण एकाउटिंग टीम की व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। उन्होंने वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी की तैनाती और उन्हें उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक प्रधान ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति को पेड न्यूज व विज्ञापन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा और अन्य जिलों से समन्वय सुनिश्चित कर पेड न्यूज पर संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी एकाउंटिंग दलों से डाटा संधारण की जानकारी, कंट्रोल रूम, कॉल सेंटर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी की स्थिति इत्यादि की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि विधानसभा क्षेत्रों के इंटरस्टेट सीमा में विशेष चौकसी सुनिश्चित किया जाए। जहां जरूरत है उन जगहों पर स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या बढ़ाई जाए, वाहन, कैमरे इत्यादि की जरूरत को देखा जाए। वहीं आयकर विभाग के अधिकारी से पैसों के लेन-देन के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए 10 लाख रुपए से अधिक नकदी की जप्ती के दौरान अनिवार्य रूप से आयकर विभाग को सूचना देने कहा। व्यय प्रेक्षक द्वारा आबकारी विभाग के द्वारा मदिरा दुकानों के संचालन स्थिति व नियंत्रण की जानकारी ली गई और अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए, साथ ही मदिरा दुकानों से बल्क में विक्रय तथा गांवों में विक्रय और सीमावर्ती इलाकों से मदिरा की आवाजाही पर नियंत्रण रखने कहा। बैठक में जिला स्तर पर सामग्रियों के दर निर्धारण के अनुरूप सभी प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का संधारण, ईएमएस की प्रक्रिया आदि के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में संसदीय क्षेत्र 10 बस्तर के अंतर्गत आने वाले सभी 6 जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधिकारी और सहायक निर्वाचन व्यय प्रेक्षक तथा निर्वाचन व्यय लेखा से सम्बंधित दलों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

- अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का समुचित संधारण के लिए टीम भावना के साथ करें कार्य

### विभिन्न सेल का किया निरीक्षण

बैठक के उपरांत व्यय प्रेक्षक द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में स्थापित निर्वाचन व्यय लेखा सेल, वीवीटी, एफएसटी की निगरानी टीम तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के मीडिया सेंटर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

दरभा में हुई कांग्रेस की बैठक

# पंजा छाप कांग्रेस की पहचान कार्यकर्ता इसकी रीढ़ : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ब्लॉक मुख्यालय दरभा में जगदलपुर व चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के बूथ, जोन व सेक्टर पदाधिकारी मौजूद रहे। जगदलपुर तथा चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के समन्वयक तथा पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि पंजा का निशान कांग्रेस की पहचान है और कार्यकर्ता इसकी रीढ़ हैं। अभी से कार्यकर्ता अपने बूथ व सेक्टर में लोगों से सम्पर्क साध कर कांग्रेस की न्याय नीतियों की जानकारी दें। भाजपा की किसान, मजदूर, महिला, युवा विरोधी नीतियों की कलई खुल गई है। समाज का कोई भी वर्ग भाजपा से संतुष्ट नहीं है। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने झूठ का फरेब फैलाकर जो जीत दर्ज की है, उसकी हकीकत सामने आ रही है। एक ओर जहां भाजपा परिवार व समाज को तोड़ने की नीति पर चल रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सामाजिक एकता तथा राष्ट्र की अखंडता की भावना के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले। उन्होंने एकत्रित कांग्रेसियों को विस्तार से युवा, किसान, आदिवासी, नारी आदि वर्गों के लिए कांग्रेस की गारंटियों की जानकारी दी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीर सिंह बघेल, जितेंद्र सिंह चौहान, महादेव नाग, लक्ष्मण कश्यप, जयदेव नाग सेक्टर व जोन के पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## अभ्यर्थी 27 मार्च तक कर सकेंगे नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अधिसूचना जारी करने के साथ ही प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रथम चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल कर सकते हैं। प्रथम चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को होगी और नाम वापसी की तिथि 30 मार्च है।

- नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च

## कलेक्टर ने किया बालक आश्रम शाला व उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा जनपद पंचायत कुआकोंडा के अरनपुर एवं समेली क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों की मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में प्रारंभिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने बालक आश्रम शाला का भी औचक निरीक्षण किया और आश्रम में शिक्षक आवास संचालित करने, सोलर लाईट लगाने तथा ट्यूबवेल खनन करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही आश्रम परिसर में बाड़ी विकास के तहत किचन गार्डन बनाने के लिए भी कहा। इसके अलावा उक्त आश्रम शाला में छात्रों की पढ़ाई को देखते हुए कम्प्यूटर एवं इंटरनेट सुविधा मुहैया कराने के भी कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार अरनपुर निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भी कलेक्टर ने समय सीमा में पूरा करने को कहा। इसके साथ ही कलेक्टर आंगनबाड़ी बंडीपारा पहुंचे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों को रोजाना दिये जाने वाले आहार की जानकारी लेते हुए इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। आंगनबाड़ी केन्द्र में विद्युत कनेक्शन करवाकर लाईट और पंखे लगाने के लिए भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। बंडीपारा में ही कलेक्टर ने स्वीकृत प्राथमिक शाला सह शौचालय निर्माण कार्य एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। अंत में कलेक्टर द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र समेली, माड़ेया के नवीनीकरण कार्य तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटाली का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दो से अधिक सवारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

# रंग न खेलने वालों की भावनाओं का करें सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिला सुकमा में होली का त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। सुकमा शहर में होलिका दहन प्रमुख रूप से मिनी स्टेडियम, माहेश्वरी पारा, साप्ताहिक बाजार पारा, पटनमपारा दैवी चौक, पावारास, कुम्हाररास के पास किया जाता है। इन स्थानों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाने को कहा। साथ ही होलिका दहन के दिन फ्लैग मार्च का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है, तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें, इसका विषेश ध्यान रखा जाए। साथ ही होलिका दहन किसी हरे-भरे वृक्ष के नीचे, बिजली तार के नीचे, गौरव पथ, एनएच-30 मार्ग पर ना जलाया जाए। इस संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया कि गौरव पथ की सुंदरता को बनाये रखने के लिए गौरव पथ पर होलिका दहन ना करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लक्ष्मण तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संस्था के पदाधिकारीगण, अधिकारीगण, पत्रकारगण उपस्थित थे। साथ ही होलिका दहन के दिन वाहनों के अलावा बॉटल, केन, डब्बा में पेट्रोल व डीजल नहीं देने के लिए निर्देशित करने को कहा।

बैठक में होलिका दहन एवं रंग उत्सव के दिन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस व्यवस्था करने को कहा। जिला अस्पताल में पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये गये। जिला सेनानी नगर सेना सुकमा द्वारा शबरी नदी धोबी घाट, पावारास घाट एवं शबरी नगर सीआरपीएफ कैम्प के पास नगर सैनिक की टीम तैनात किया जाना सुनिश्चित करने को कहा। जिला सेनानी, नगर सेना सुकमा द्वारा आगजनी अथवा अन्य किसी भी घटना को देखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम सुकमा में फायर ब्रिगेड वाहन, वाहन चालक एवं टीम के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी मय एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने निर्देशित किया।

## जल्द होगा सड़क का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बेहनार गांव के ग्रामीणों की शिकायत को, पीएमओ व मुख्यमंत्री जनशिकायत विभाग ने संज्ञान में लिया है। दंतेवाड़ा जिले के बचेली ब्लॉक के बेहनार गांव की जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 132.66 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण का प्राक्कलन तैयार किया गया है। यह सड़क पिछले 10 वर्षों से खराब स्थिति में है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रवेश जोशी ने इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री जन शिकायत निवारण पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद, कलेक्टर दंतेवाड़ा ने मामले की जांच करवाई और जिला पंचायत को सड़क के पुनर्निर्माण के लिए निर्देश जारी किए।

जिला पंचायत एवं कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-1, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण दंतेवाड़ा द्वारा 132.66 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण का प्राक्कलन तैयार किया गया है। यह प्राक्कलन स्वीकृति के लिए भेजा गया है। प्रवेश जोशी ने केंद्र और राज्य सरकार की जनशिकायत विभाग की सराहनीय कार्यशैली की प्रशंसा की है। उन्होंने जिला कलेक्टर का भी आभार व्यक्त किया है। जोशी और ग्रामवासियों ने आशा व्यक्त की है कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद बेहनार गांव का सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। जिससे उन्हें आवागमन में होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी।

- बेहनार गांव का 132 .66 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण का प्राक्कलन तैयार

# 7वीं के बच्चों ने 8वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगतसिंह पूर्व माध्यमिक शाला में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विदाई दी। प्राचार्य श्रीमती बेंजामिन ने कहा कि चींटी की तरह मेहनत एवं निरंतर गतिशील रहना चाहिए विद्यार्थियों को। इस दौरान पुरुषोत्तम पांडे, नलिन शुक्ला, उमेश प्रताप सिंह, विशाल देवांगन, यास्मीन खान, इंदिरा मर्दानी, रूप लता पांडे, इंद्राणी ठाकुर समेत विद्यार्थी व स्टाफ मौजूद रहे।





